50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.8 °c | अधिकतम 26.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:04, सूर्यास्त : 5:21 | वर्ष : 50/ अंक : 342 | मंगलवार, 13 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

इंसान की संपत्ति ना दौलत है ना धन है, उसकी संपत्ति तो उसका हँसता हुआ परिवार और संतुष्ट मन है।

जीएसटी छापों में 75 लाख की कर चोरी पकड़ी गयी : सहारनपुर

एक पार्टी...जीएसटी छापों के खिलाफ आंदोलन करने को तैयार है.....

# निकाय चुनाव अधिसूचना पर रोक से उड़े दावेदारों के तोते

▶ हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दिए आदेश ▶ आरक्षण निर्धारण में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन पर होगी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था को चुनौती देते हुए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट द्वारा उक्त याचिकाओं पर सुनवाई के चलते चुनाव अधिसूचना जारी करने पर रोक लगाने के आदेश के बाद एक बार फिर चुनाव के लिए हाथ पांव मार रहे दावेदारों के हाथों से तोते उड़ गए हैं। इसके चलते दो तीन दिन में चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने की उम्मीद में बैठे उम्मीदवारों की निगाहें अब हाई कोर्ट के फैसले पर टिकी हैं।

उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर हलचल जोरों पर है। शासन द्वारा गत सप्ताह प्रदेश के सभी निकायों में अध्यक्षों और वार्ड सदस्यों के लिए प्रस्तावित आरक्षण की सूची जारी की थी। इस पर आपत्ति देने के लिए आज तक की तिथि निर्धारित थी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने आरक्षण पर आपत्ति देते हुए डीएम को पत्र भी दिया है। इस दौरान आरक्षण में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए की गई आरक्षण की व्यवस्था को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान आज हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश से चुनाव प्रक्रिया पर ब्रेक लगने की आशंका बढ़ गई है। याचिकाकर्ता के मामले की सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों का उल्लेख करते हुए हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुरेश महाजन सपरा मामले का हवाला देते सरकार द्वारा घोषित आरक्षण के मसौदे को सुनवाई के योग्य करार दिया। इस आधार पर हाईकोर्ट ने आज जारी अपने आदेश में कहा है कि वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए सीटों के आरक्षण को निर्धारित करते हुए सुरेश महाजन सपरा मामले में दी गई व्यवस्थाओं का पालन किया है या नहीं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय व सौरभ श्रीवास्तव ने याचिकाकर्ता वैभव पाण्डेय की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता को मंगलवार (आज) तक इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग उक्त चुनाव के लिए कल तक कोई अधिसूचना जारी नहीं करेगा। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता व अन्य संबद्ध लोगों को कल तक अपनी आपत्तियां दाखिल करने को भी कहा है। उक्त आदेश राज्य सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा प्रधान सचिव नगर विकास को भी ईमेल से भेजने की बात कही है। इस संबंध में दायर याचिकाओं पर कल 13 दिसंबर को नए सिरे से सुनवाई होगी। याद रहे कि एक ओर प्रशासन जहां निकाय चुनावों की तैयारी में जुटा है, वहीं चर्चा थी कि आज आपत्तियां देने की अंतिम तिथि होने के बाद मिली आपत्तियों का दो दिन में निस्तारण हो जाएगा और इसके बाद 15 दिसंबर तक निकाय चुनावों के लिए अधिसूचना जारी करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग चुनावों की तिथियों की घोषणा कर देगा। इस दौरान तमाम जहां भाजपा, सपा, रालोद और बसपा समेत तमाम राजनीतिक दल निकाय चुनावों के लिए तैयारियों में जुटे हैं और संभावित प्रत्याशियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। तमाम प्रमुख दलों के दावेदार जहां टिकट की जुगत में बड़े नेताओं के चक्कर काट रहे हैं, वहीं तमाम निर्दलीय किस्मत आजमाने की तैयारी कर रहे दावेदारा मतदाताओं की आवभगत और उन्हें पटाने के लिए अभी से जमकर पैसा लुटा रहे हैं। आज हाईकोर्ट द्वारा अधिसूचना पर रोक लगाने के साथ तमाम दावेदारों की धड़कनें बढ़ गई हैं। अब सभी की नजरें हाईकोर्ट में कल होने वाली सुनवाई पर लगी हैं।

# जीएसटी के हव्वे ने कराया फिर हंगामा

▶ कुछ व्यापारी नेताओं ने करा दिए शिवचौक के आसपास बाजार बंद ▶ संयुक्त व्यापार मंडल के नेताओं ने व्यापारियों को समझाकर खुलवाई दुकानें

**मुजफ्फरनगर,12 दिसंबर (बु.)।** जीएसटी छापों का हव्वा आज भी व्यापारियों पर छाया रहा। इसके चलते आज बाजार खुलते ही व्यापारियों ने रुड़की रोड, गोल मार्केट, आर्य समाज रोड और भगत सिंह रोड की दुकानों को बंद करा दिया और जमकर हंगामा किया। बाद में संयुक्त व्यापार मंडल के नेताओं ने पहुंच कर बंद दुकानें खुलवा दीं। हालांकि बाद में शासन द्वारा जीएसटी छापे रोकने के आदेश जारी किए जाने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली और बाजार सामान्य दिनों की तरह खुल गए। शहर समेत अन्य कस्बों में भी जीएसटी छापों का खौफ व्यापारियों में नजर आया।

चार दिनों से चल रहे जीएसटी छापों और इसे लेकर व्यापारियों में दहशत के चलते रोज उड़ रही अफवाहों के साथ बाजार बंद होने का सिलसिला आज भी जारी रहा। बीती रात प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया था कि वे बेखौफ अपनी दुकानें खोलें और किसी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इसके बावजूद व्यापारियों का एक गुट आज सुबह से सक्रिय रहा। सुबह बाजार खुलने की प्रक्रिया में थे कि कुछ व्यापारी नेताओं ने पहुंच कर खुली दुकानों को भी बंद करा दिया। इसका असर शहर के मुख्य बाजारों गोल मार्केट, भगत सिंह रोड और रुड़की रोड के इलाकों में देखने को मिला। जीएसटी विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी के विरोध में व्यापारी सड़कों पर उतर गए। उन्होंने अपनी दुकानों को बंद रखा और उन दुकानों के भी शटर गिरा

शेष-पृष्ठ-4 पर

जीएसटी छापे के विरोध में दुकानें बंद कर प्रदर्शन करते व्यापारी व उन्हें समझाने पहुंचे व्यापारी नेता।

## छापे बंद होने पर संजय मित्तल ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

मुजफ्फरनगर,12 दिसंबर (बु.)। संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने व्यापारियों के हित को देखते हुए जीएसटी छापों पर अनिश्चित कालीन रोक लगाने का फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और व्यापारियों से कहा कि किसी अफवाह से भयभीत ना हों और कोई अधिकारी उनका उत्पीड़न करता है तो उन्हें इसकी जानकारी दें। ऐसे अधिकारी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि जीएसटी छापों को लेकर मचाए गए आतंक के विरोध में संगठन के अध्यक्ष संदीप बंसल लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिले थे और इसके बाद छापे रोकने के आदेश सरकार ने दे दिए थे। ऐसे में अब व्यापारियों को आतंकित होने की जरूरत नहीं है। जीएसटी को लेकर वे सहयोग करें और अगर कोई अधिकारी किसी भी प्रकार से व्यापारी का उत्पीड़न करता है तो इसकी सूचना तत्काल फोन पर उन्हें दें। ऐसे अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## छापे रुकने पर किया सम्मान

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा पूरे प्रदेश के बाजारों में की जा रही छापेमारी से लखनऊ में व्यापार संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व के साथ-साथ उत्तर प्रदेश शासन को अवगत कराकर लौटे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, संयुक्त महामंत्री पवन वर्मा, नगर उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंघल का संगठन की रुड़की रोड, शिव मार्केट,तहसील कॉम्प्लेक्स, टाउन हॉल रोड सहित अनेकों इकाइयों के व्यापारियों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

## जीएसटी छापे रोकने को दिए मौखिक आदेश

लखनऊ 12 दिसंबर (वार्ता)। व्यापारियों के भारी विरोध और राजनीतिक दलों के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने जीएसटी चोरी के खिलाफ एक सप्ताह से जारी राज्यकर विभाग के छापे की कार्रवाई स्थगित कर दिया गया है। हालांकि इसके लिए कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। अलबत्ता छापे की कार्रवाई में शामिल 264 टीम को मौखिक आदेश देकर अभियान को फिलहाल स्थगित रखने के निर्देश दिए गए हैं। बता दे कि राज्यकर विभाग को लगातार जीएसटी चोरी की शिकायत मिल रही थी। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी कर चोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके मद्देनजर राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस के निर्देश पर जीएसटी चोरी के खिलाफ अभियान चलाने के लिए 264 टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों द्वारा 5 दिसंबर से प्रदेश के 71 जिलों में एक साथ छापेमार कर कर चोरी पकड़ने के अभियान की शुरूआत की गई थी। उधर लगातार हो रही छापेमारी से परेशान व्यापारी भी इस कार्रवाई के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस कार्रवाई को रूकवाने के लिए व्यापारिक संगठनों ने अधिकारियों और मंत्रियों से मिलकर आपत्ति भी जताई और आरोप लगाया कि कर चोरी की जांच के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। साथ ही व्यापारियों ने चेतावनी भी दिया कि यदि छापमारी की कार्रवाई को नहीं रोका गया तो राजनीतिक दलों को इसका खामियाजा निकाय चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इसका असर यह हुआ कि एक सप्ताह बाद ही सोमवार को अभियान को स्थगित कर दिया गया है। अभियान में एक सप्ताह के दौरान राज्यकर विभाग ने कुल 208.15 करोड़ की चोरी पकड़ी है। जबकि 600 से अधिक व्यापारियों के यहां की गई छापेमारी में 11.87 करोड़ रुपये से अधिक के माल और बड़े पैमाने पर कर चोरी से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। इसके अलावा अभियान में सैकड़ों व्यापारियों से 17.53 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# छपार में प्रधान पद के वोटों की फिर होगी गिनती

▶ हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम सदर ने 15 दिसम्बर को पुनः मतगणना के दिये आदेश
▶ छपार में जुबैर को किया गया था निर्वाचित घोषित, मनोज ने लगाया था धांधली का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद उपजिलाधिकारी सदर ने छपार ग्राम प्रधान के चुनाव परिणाम में गड़बड़ी की शिकायत को देखते हुए 15 दिसम्बर को उक्त मतदान की पुनः मतगणना कराने के आदेश दिये हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि पहले उसे निर्वाचित घोषित कर दिया गया तथा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी उसे निर्वाचित बता दिया गया, लेकिन बाद में उसके प्रतिद्वन्दी को विजयी घोषित कर दिया गया।

जनपद के छपार ग्राम प्रधान पद पर 3 मई 2021 को जुबैर को निर्वाचित घोषित किया गया था। इसे चुनौती देते हुए प्रतिद्वन्दी मनोज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि उसे कैमरा चुनाव चिह्न प्रदान किया गया था। याचिका में कहा गया कि छपार में कुल 15 वार्ड हैं, जिनमें मतदाताओं की संख्या 9985 है। 2021 के चुनाव में यहां 6534 मतदाताओं ने वोट डाले थे। आरोप है कि मतदान के बाद बक्सों को मोहरबंद करते हुए भी नियमों का पालन नहीं किया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि 2 मई को मतगणना पूर्ण होने पर उसे 1867 और विपक्षी जुबैर को 1843 वोट मिलने के बाद उसे 24 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया था। आरोप है कि आरओ ने साज करके वार्ड 13 के बूथ संख्या 106 में जिसमें उसके प्रतिद्वन्दी को कोई वोट न मिलना बताया गया था, उसने उसे बाद में 63 वोट मिलना दिखा दी। इस वार्ड में मतगणना में 74 वोट कैंसिल किए गए थे, लेकिन बाद में 74 के बजाए केवल 11 वोट कैंसिल होना दिखा दिया गया, इस प्रकार वार्ड 15 के बूथ संख्या 108 में जुबैर को मतगणना के समय केवल 5 वोट मिलना बताया गया था तथा 27 वोट कैंसिल होने की बात कही गयी थी, लेकिन इस वार्ड में भी जुबैर को 22 वोट मिलने की बात बाद में कही गयी तथा यहां कैंसिल हुई 27 वोटों में 17 वोट जुबैर के पक्ष में दिखा दी गयी। इसी प्रकार वार्ड 13 व 15 में मतगणना में निरस्त की गयी 80 वोट जुबैर के बंडल में रखकर दिखा दी गयी तथा वार्ड 9 की गिनती में एक वोट जो कैंसल बताई गयी थी, उसे भी प्रतिद्वन्दी के बंडल में रख दिया गया। वार्ड 13, 15 व 9 में कुल मिलाकर 81 रद्द वोट गलत तरीके से जुबैर के हक में दिखाते हुए उसे प्रधान पद पर विजेता घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि मतगणना में प्रमाण पत्र देते समय जुबैर को 61 वोट अधिक मिलने की बात कही गयी थी, जिसे बाद में सिर्फ एक वोट का अंतर दिखा दिया गया। प्रमाण पत्र देते समय जुबैर को 6 मतों से विजेता दिखाया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार उसने अपनी याचिका में 1867 वोट मिलने की बात कही है, जबकि विपक्षी जुबैर ने 1923 मत प्राप्त होना बताया है। इसके विपरीत निर्वाचन कार्यालय के मतगणना में 4546 प्रपत्र में जुबैर को 1862 वोट मिलना दिखाया गया है। इस आधार पर भी याचिकाकर्ता मनोज ने स्वयं को 5 मतों से विजयी होना बताते हुए पुनः मतगणना की मांग की थी। उसने यह भी दावा किया था कि मतगणना के बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उसका नाम दर्ज कर दिया गया था। इस आधार पर उसने उक्त चुनाव में जुबैर को विजयी घोषित करने के आरओ के आदेश पर आपत्ति जताते हुए पुनः मतगणना की मांग की थी। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद उपजिलाधिकारी सदर ने जुबैर की आपत्ति निरस्त करते हुए मनोज के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए 15 दिसम्बर को पुनः मतगणना कराये जाने के आदेश दिये हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को भी इसकी प्रतिलिपि भेजते हुए अभिलेख का सील्ड बॉक्स व प्रपत्र लेकर 15 दिसम्बर को काउंटिंग के लिए तहसील सदर सभागार के लेखपाल भवन में उपस्थित होने को कहा गया है। पुनः मतगणना खण्ड विकास अधिकारी पुरकाजी तथा तहसीलदार सदर की उपस्थिति में की जाएगी। तहसील सदर में सुबह 10 बजे से काउंटिंग स्टाफ की मौजूदगी में मतगणना की वीडियोग्राफी कराने के आदेश भी उपजिलाधिकारी सदर परमानन्द झा ने दिये हैं।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में होगा बदलाव

**नई दिल्ली ।** अगले साल से सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में 40 और 12वीं में 30 प्रतिशत सवाल ऐसे होंगे जो विद्यार्थियों की क्षमता का आकलन करेंगे। ये सवाल कई तरह के होंगे, जैसे वस्तुनिष्ठ, तर्कशक्ति का इम्तिहान लेने वाले, केस आधारित, रचनात्मक आदि। शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा को बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्य के अनुरूप परीक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जा रहा है। स्तुनिष्ठ सवालों के पैटर्न के साथ यह कोशिश की जा रही है कि उनकी क्षमता के आकलन पर अधिक जोर दिया जाए। इसी के तहत नए फार्मेट में रीजनिंग और छोटे जवाब वाले प्रश्नों को अहमियत दी जाएगी। ये बदलाव सत्र 2022-23 से ही लागू किए गए हैं। इसका मतलब है कि अगले साल बोर्ड परीक्षा में दसवीं में लगभग 40 और 12वीं में 30 प्रतिशत प्रश्न ऐसे होंगे जो छात्र-छात्राओं की क्षमता का इम्तिहान लेंगे। गौरतलब है कि दसवीं और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हो रही है। हालांकि सीबीएसई ने अभी परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित नहीं किया है।

# मंत्री कपिल देव पर भड़की अंजू, चंगू-मंगू को भी नहीं छोड़ा

▶ पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के खिलाफ खोला मोर्चा
▶ कुर्सी अस्थिर करने में मंत्री और उनके चहेतों का हाथ बताया, विकास कार्य कराये प्रभावित

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** लंबे समय से अंदर ही अंदर सुलग रही नगरपालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सोमवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल पर फट पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री कपिल देव अग्रवाल के इशारे पर ही उन्हें कुर्सी से हटाने का पूरा कुचक्र रचा गया। उन्होंने कहा कि पालिका के दो चंगू-मंगू अपने सरदार मंत्री के इशारे पर ही उन्हें बदनाम करने में लगे हैं। अग्रवाल ने याद दिलाया कि शायद मंत्री कपिल देव भूल गये हैं कि पालिकाध्यक्ष रहते हुए उनकी फजीहत कराने में इन्हीं चंगू-मंगू का हाथ रहा है।

दरअसल, पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने आज बोर्ड की बैठक बुलाई थी, लेकिन एजेंडा जारी नहीं होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा, लेकिन अग्रवाल पालिका पहुंच गई। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने कहा कि दो चंगू मंगू हैं, उनका सरदार एक ही है और कहीं ना कहीं वह पीछे से कार्य कर रहा है। उनकी बैक मजबूत है, क्योंकि इतना पैसा यह लोग खर्च कर नहीं सकते, जितनी इन लोगों ने रिट डाली। मैं तो एक-दो रिट डालने में ही परेशान हो गई, क्योंकि हम लोग ईमानदारी से काम कर रहे हैं। हमारा काम ही ईमानदारी है। भगवान ने हमें रास्ता दिखाया और हम काम करते चले गए। हमें किसी चीज से मोह नहीं और ना ही कुर्सी से मोह है। चेयरमैन अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कपिल देव अग्रवाल मंत्री ही यह सब काम करा रहे हैं। वह स्वयं मजबूत हैं और सभासद भी मजबूत हैं। मंत्री को मैं तो यह कहती हूं कि इस तरह के काम करने से उनको रुक जाना चाहिए। मुझे रोक करके क्या सिद्ध किया गया। अगर चार-पांच महीनों में कार्य होते तो मंत्री का भी नाम होता। उनको लगता है कि कहीं मैं दोबारा चुनाव ना लड़कर जीत जाऊं। चेयरमैन अंजू अग्रवाल का कहना है कि मंत्री ने 50 से ज्यादा लोगों को चेयरमैन बनाने का ख्वाब दिखा रखा है। हर किसी को भाजपा से चेयरमैन का टिकट दिलाने का -ांसा दे रखा है। लेकिन चेयरमैन तो एक ही बनेगा। मेरा कहना है कि जो भी चेयरमैन आए वो नगर पालिका को अच्छे तरीके से चलाएं। उन्होंने कहा कि जो नगरपालिका 16 करोड़ के लॉस में थी मैंने चेयरमैन बनने के बाद इसको 21 करोड़ के प्रॉफिट में किया है। उन्होंने एक प्रकार से चेतावनी देते हुए कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगी और बिल्कुल लड़ूंगी और अपनी पार्टी से ही लड़ूंगी। पहले भी चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं थी और अब भी कोई इच्छा नहीं है। पार्टी हमें टिकट देगी तो हम फिर चुनाव लड़ेंगे। जो लोग पार्टी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं वो सावधान हो जाएं, क्योंकि पार्टी बहुत बड़ी है, जल्द ही उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ेगा। अपने कार्यकाल की उपलब्धि बताते हुए अंजू अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका में जो चहुमुखी विकास किए गए हैं, वह जनता के सामने हैं। उन्हें बदनाम करने में चंगू मंगू (पालिका के दो सभासद) का बहुत बड़ा रोल रहा है। पर्दे के पीछे से उन्हें मदद मिलने के कारण वो कई दिन तक इलाहाबाद पड़ रहे। इन लोगों का तो कोई भी कारोबार नहीं है, इनका काम तो उगाही करना है। मैं किसी भी कीमत पर इन्हें बख्शूंगी नहीं। मंत्री को भी संभल जाना चाहिए, जो इस तरह की बदनामी कर रहे हैं, उनको भी ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। उच्च न्यायालय ने उनको इंसाफ दिया है, लेकिन कुछ लोग संविधान और कानून को भी नहीं मानते हैं। उन्होंने इस दौरान शहर में कराये गये विकास कार्यों के लिए सभासदों और पालिका के अधिकारियों का आभार जताया।

## पहली पसंद भाजपा, वक्त पर लेंगे दूसरा फैसला: अंजू

मुजफ्फरनगर। पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने कहा कि वो अभी भाजपा में हैं और भाजपा से ही टिकट की दावेदारी करेंगी। यदि पार्टी टिकट नहीं देती है तो वक्त पर दूसरा फैसला लेंगे, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वो ज्यादा दलबदल नहीं करना चाहती हैं। दूसरे दलों से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि विपक्ष के कई लोग उन्हें ऑफर दे रहे हैं, लेकिन वो भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ना चाहती हैं।

## भारत-चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प, भारतीय सेना ने 300 चीनी सैनिकों को खदेड़ा

**ईटानगर, 12 दिसंबर (वार्ता)।** लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) में तनाव के बीच अरुणाचल प्रदेश में तवांग के पास भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प में दोनों देशों के सैनिक घायल हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये घटना नौ दिसंबर की है। हिंसक झड़प में दोनों तरफ के सैनिक जख्मी हुए हैं। हालांकि, कोई भी भारतीय सैनिक गंभीर रूप से जख्मी नहीं हुआ है। झड़प के बाद दोनों देशों के सैनिक पीछे हट गए हैं। सेना ने मामले की पुष्टि की है, लेकिन किसी तरह का विस्तृत ब्योरा नहीं दिया है। सूत्रों का कहना है कि यह झड़प 9 दिसंबर को उस वक्त हुई जब चीनी सैनिक यार्ग्त्से एरिया में आए। उनकी इस कार्रवाई पर भारतीय सैनिकों ने पलटवार करते हुए उन्हें खदेड़ा। इस दौरान दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प भी हुई। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद दोनों देशों के सेना के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग हुई और मामले को सुलझा लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, तवांग में आमने-सामने के क्षेत्र में भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। घायल चीनी सैनिकों की संख्या भारतीय सैनिकों की तुलना में कहीं अधिक है। सामने आया है कि इस झड़प में छह भारतीय जवान घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए गुवाहाटी लाया गया है। चीनी लगभग 300 सैनिकों के साथ पूरी तरह से तैयार होकर आए थे, लेकिन उन्हें भारतीय पक्ष से मुस्तैदी की आशा नहीं थी। दरअसल, अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर में एलएसी से लगे कुछ क्षेत्रों पर भारत और चीन दोनों अपना-अपना दावा करते हैं। ऐसे में 2006 से इस तरह के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं।

## नहीं बनी बात, न हुई बोर्ड बैठक, ना ही मिले वित्तीय अधिकार

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद बर्खास्तगी से मिली राहत के बावजूद मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल की राह 2 सप्ताह बाद भी आसान नहीं हुई । इस बीच तमाम प्रयासों और भागदौड़ के बाद न तो उन्हें पालिका में वित्तीय अधिकार ही प्राप्त हो सके। बता दे नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में निर्वाचित चेयरमैन अंजू अग्रवाल को 12 दिसंबर 2017 को तत्कालीन डीएम जीएस प्रियदर्शी की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद मैदान में आयोजित समारोह में गोपनीयता की शपथ दिलाई गई थी, जिसके बाद शासन की ओर से व्यवस्था के बीच शपथ ग्रहण के एक माह के भीतर नगरीय निकायों में नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन अनिवार्य रूप से कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसी को लेकर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने पालिका कार्यालय में अफसरों और कर्मचारियों के साथ मैराथन बैठक कर सभी पहलुओं पर चर्चा करने के बाद पहली बोर्ड बैठक के लिए एजेंडा तैयार करने के साथ पहली बोर्ड बैठक छह जनवरी 2017 को प्रातः 11 बजे पालिका सभागार में की थी। अब इस बात को लेकर चर्चा है कि पालिकाध्यक्ष का कार्यकाल निर्वाचन की तिथि से माना जाएगा या पहली बोर्ड बैठक से। इसे लेकर शासन के निर्देशों का इंतजार है।

evan multi speciality hospital | मैक्स हेल्थकेयर

भारत के श्रेष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, (गाज़ियाबाद) के सौजन्य से



डॉ. मनोज सिंघल
सीनियर डायरेक्टर
किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट

डॉ. लवी गौर
कंसल्टैंट
किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट

दिनांक : बुधवार, 14 दिसंबर 2022
समय : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
स्थान : इवान हॉस्पिटल, 4 के.एम, भोपा रोड, मुज़फ्फरनगर

लक्षण: पेशाब करने में परेशानी, हाथों पैरों में सूजन, सांस फूलना, उच्च रक्तचाप, हाथ पैर का सुन्न होना एवं गुर्दे से सम्बंधित सभी समस्याएं

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 8218 149 646, 9068 995 066

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

## मुजफ्फरनगर पालिका सहित पंचायत अध्यक्ष पद पर आपत्ति दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** जिले की दो नगर पालिकाओ में से एक और 8 नगर पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति में करने को लेकर आपत्ति दर्ज.कराई गई है।
अधिवक्ता मनोज सौदाई ने नगर विकास विभाग लखनऊ को अपनी भेजी अपनी आपत्ति में बताता कि नगर विकास विभाग लखनऊ द्वारा जो अधिसूचना वर्ष 5 दिसंबर 2022 को अध्यक्ष पद के लिए जारी की गई है उसमे जिले की दो नगर पालिका मुजफ्फरनगर और खतौली तथा जिले की 8 नगर पंचायतो बुढ़ाना, शाहपुर, सिसौली, चरथावल, मीरापुर, जानसठ, भोकरहेडी तथा पुरकाजी में से किसी को भी अनुसूचित जाति में आरक्षित नही किया गया है। जिससे अनुसूचित जाति के लोगो को जिले के नगर निकाय चुनाव में जन प्रतिनिधित्व नही मिल सकेगा। उनका जिले में कोई भी चेयरमैन नही बन पायेगा। जबकि दोनो नगर पालिकाओ सहित 8 नगर पंचायतों में अनुसूचित जाति की वोट काफी संख्या में है। इसलिए ऐसी दशा में जिले में चेयरमैन के दो पद जिसमें एक नगर पालिका परिषद और एक नगर पंचायत का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति में करने की मांग की गई है।आपको बता दें कि नगर विकास विभाग लखनऊ द्वारा नगर निकाय के चुनाव में अध्यक्ष पद पर पांच दिसंबर को अधिसूचना जारी करते हुए बारह दिसंबर तक आपत्ति मांगी गई थी जिसका आज अन्तिम दिन था।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 3.5 घंटे पहले पहुंचे

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता)।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारी भीड़ के बीच इंडिगो एयरलाइन ने घरेलू उड़ान लेने वाले यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने यात्रियों को समय से 3.5 घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी है। एयरपोर्ट पर यात्रियों की भारी आमद को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी के अनुसार, यात्री अपने साथ सिर्फ एक बैग ले जा सकेंगे, जिसका वजन 7 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए, जिससे सिक्योरिटी चेक में आसानी हो। एडवाइजरी में यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि यात्रियों का वेब चेक-इन पहले से ही हो चुका हो, जिससे उन्हें सहूलियत हो। इंडिगो ने यात्रियों से एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 में प्रवेश के लिए गेट नंबर पांच और छह का प्रयोग करने के लिए कहा गया है, क्योंकि ये गेट इंडिगो चेक-इन काउंटर्स के सबसे नजदीक हैं।

## महापौर चुनाव में चुनौती देगी भाजपा

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता)।** दिल्ली प्रदेश भाजपा ने एमसीडी में बहुमत से दूर रहने के बाद भले ही सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने का ऐलान कर दिया है, लेकिन वह महापौर व उपमहापौर के चुनाव में आम आदमी पार्टी को वॉकओवर नहीं देगी। इन दोनों पदों के चुनाव में आप को कड़ी टक्कर देने के लिए भाजपा जुट गई है। भाजपा ने महापौर, उपमहापौर व स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के संबंध में रणनीति बनाने के लिए एमसीडी में बड़े पदों पर रहे अपने नेताओं को जिम्मेदारी दी है। भाजपा ने महापौर व उपमहापौर के चुनाव में आप को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। उसे लगता है कि एमसीडी में महत्वपूर्ण पद नहीं मिलने से वंचित रहने वाले आप के पार्षद क्रॉस वोट कर सकते हैं, एमसीडी में ऐसे मामले होते रहे हैं।

## कांग्रेस में भी मिले चेयरमैनी के दावेदार

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** किसान चिंतक एवं वरिष्ठ समाजसेवी कमल मित्तल ने आज कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा से मुलाकात कर नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर अध्यक्ष पद चुनाव हेतु अपना आवेदन पत्र (बायोडाटा) जिलाध्यक्ष को सौंपा।

## ई रिक्शा पलटने से दो छात्राएं हुई घायल

**कैराना, 12 दिसंबर (बु.)।** ई रिक्शा ात्रा स्कूल जा रही दो छात्राऐं रिक्शा पलटने से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने घायल छात्राओं को सीएचसी पर भर्ती कराया जहां उपचार के बाद उन्हें छूट्टी दे दी। सोमवार को गांव मलकपुर निवासी 15 वर्षीय कनक व 13 वर्षीय अवनी ई रिक्शा ात्रा स्कूल में पढ़ने के लिए जा रही थी। कैराना मलकपुर रोड पर ई रिक्शा में बुग्गी की साइड लग गईए जिससे ई रिक्शा पलट गई। ई रिक्शा पलटने से दोनों छात्राऐं घायल हो गई। आसपास के लोगो ने घायल छात्राओं को सीएचसी भर्ती कराया जहा उपचार के बाद उन्हे छूट्टी दे दी गई।

## गन्ना मूल्य शीघ्र घोषित हो: अशोक बालियान

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकार प्रदेश में गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य (एसएपी) घोषित करने, इस पिराई सत्र का भुगतान समय से कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने विपणन वर्ष 2022-23 के लिए गन्ना उत्पादकों को चीनी मिलों द्वारा दिये जाने वाले उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 15 रुपये बढ़ाकर 305 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। लेकिन उत्तर प्रदेश में नये पेराई सत्र में गन्ने का एसएपी तय नहीं किया है। प्रदेश के किसान 400 रुपए प्रति कुंतल से अधिक की मांग रहे है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द निर्णय लेगी।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल में फैंसी ड्रेस पहन इतराए नन्हें विद्यार्थी

**कार्यक्रम में किसी ने बताया फूलों का महत्व, तो किसी ने पशु-पक्षियों के वेश में मंचीय प्रस्तुति देकर मोह लिया मन**

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** लिंक रोड़ स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें बच्चों ने भाँति-भाँति की पोशाक पहनकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कुछ बच्चों ने पशु-पक्षियों व कुछ बच्चों ने मनभावन फूलों का रूप धारण कर उनके विषय में जानकारियां दीं। बच्चों ने इसके साथ ही शेर, भालू, बंदर, मोर, सूरजमुखी, गुलाब आदि पर आधारित पोशाक धारण की व कुछ ने सैनिक और डॉक्टर आदि बनकर सबको अपनी ओर आकर्षित कर लिया। कुछ बच्चों ने वाट्सएप व फेसबुक बनकर अभिनय किया। इन नन्हें छात्रों ने जो पोशाक धारण की उस विषय पर कुछ पंक्तियाँ बोलकर सभी को मानव जीवन में इनके महत्त्व से भी अवगत कराया। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चे प्रसन्न चित्त दिखाई दिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशिका चारू भारद्वाज व प्रधानाचार्य डॉ. पियूष गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यालय स्तर पर बच्चों के चहुँमुखी विकास व विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उभारने में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## गोल्डन पब्लिक स्कूल में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** पचैंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई द्वारा दिए निर्देश के अनुपालन में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 11 तक के छात्र छात्राओं ने अनेक प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया।

इस समारोह का उद्देश्य भारत की विभिन्न भाषाओं तथा सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति संवेदना जागृत करना था। कई भाषाओं के संगम से युक्त अंताक्षरी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार एक वाद विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भाषाओं में अभिवादन कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम वर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपनी प्राचीन विरासत तथा नैसर्गिक भाषा को अंगीकृत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव में भाग लेती छात्रा।

# छात्राओं को प्रशिक्षण शिविर में आत्मनिर्भरता का पाठ

**आचार, चटनी, जैम, जेली, मुरब्बा बनाने के दिए टिप्स, खाद्य संरक्षण पर दिया जोर**

### जीवन कौशल विकास के तहत किया गया कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** सोमवार को नगर के आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज में जीवन कौशल विकास के क्रम में एक कदम स्वाबलंबन की ओर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया गया।

विद्यालय में आयोजित इस स्वावलंबन के कार्यक्रम के अन्तर्गत आचार, चटनी, जैम, जेली, मुरब्बा व खाद्य संरक्षण प्रशिक्षण छात्राओं को दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक प्रधानाचार्या कुसुमलता के निर्देशानुसार जीवन कौशल विकास कार्यक्रम की संयोजिका सुचित्रा सैनी के नेतृत्व में सुषमा त्यागी, रेणू चौधरी व साक्षी सिंह बाल कार्यक्रम प्रभारी अध्यक्ष सतेन्द्र सैनी, विपिन त्यागी आदि द्वारा विद्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सुषमा त्यागी ने छात्राओं को "खाद्य संरक्षण" के उद्देश्य बताए। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्रों को बताया कि घर में बनी सामग्री स्वास्थ्यवर्धक व कम खर्च में बन जाती है। साथ ही यह हमें रोजगार का भी अवसर प्रदान करती है अर्थात स्वाद भी स्वास्थ्य भी और स्वाबलंबन भी तीनों एक साथ प्राप्त होते है। कार्यक्रम प्रभारी ने प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को लगभग चार प्रकार के आचार बनाकर दिखाएं। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को अनेक प्रकार से खाद्य सामग्री की भी जानकारी दी, जिसमें उन्होंने टमाटर का सूप बनाकर दिखाया। प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा की यह प्रशिक्षण रोजगार परक होने के साथ ही हमें आत्मनिर्भर बनाता है अर्थात छात्राएं बिना किसी की सहायता के आचार आदि रसोई के कार्य कर सकें। कार्यक्रम की आयोजक प्रधानाचार्या कुसुमलता, जो कि खाद्य संरक्षण में स्वयं अच्छा ज्ञान रखती है ने संयोजिका सुमित्रा सैनी एंव समस्त टीम का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद किया। सहयोग से कार्यशाला अत्यंत सफल रही।

### दुष्कर्म में मुजरिम को आजीवन कारावास

**कैराना, 12 दिसंबर (बु.)।** जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चैहान व विशेष लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र मलिक ने बताया कि 28 अगस्त 2022 को थाना गढी पुख्ता पर एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी पांच वर्षीय बेटी अपने घर का बचा हुआ आटा पडोसी के घर में फ्रिज में रखने के लिए गई थी। वहां घर पर मुजरिम अकेला था। मुजरिम ने उसकी बच्ची को पकड़ कर दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर वह मौके पर पहुंच गया।

मुजरिम से अपनी बच्ची को छुड़ाया थाए कि तभी पुलिस ने बच्ची के खून से सने कपडे लेकर बच्ची का मेडिकल कराया था। बाद में पुलिस ने मुजरिम सोमपाल को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया थाए जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। तभी से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन चला आ रहा था। उक्त मामले में अभियोजन पत्ता की और से 7 गवाहों की गवाही भी कराई गई। दोनो पत्तों का तर्क वितर्क सुनने के पश्चात एवम पत्रावली का अवलोकन करने के बाद सोमवार को अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पोक्सो) मुमताज अली ने दोष सिद्ध पाये जाने पर मुजरिम सोमपाल निवासी गांव ताना थाना गढी पुख्ता को आजीवन कठोर कारावास व पचास हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास होगा।

## अथाई में विकास कार्यों की जांच को पहुंची टीम

**भोपा, 12 दिसम्बर (बु.)।** विकास खण्ड मोरना की ग्राम पंचायत अथाई निवासी बिजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को शिकायती पत्र देकर बताया था कि ग्राम पंचायत अथाई में विकास कार्यों के लिए आई धनराशि में अनियमितता और बिना कार्य कराए फर्जी तरीके से बिल निकाले गए हैं।

बिजेंद्र सिंह ने बताया था कि ग्राम पंचायत में दलित समाज के बारात घर पर शौचालय का निर्माण कार्य दिखाया गया है, परंतु धरातल पर निर्माण कार्य नहीं किया गया है। इसी तरह अंबेडकर भवन पर हाई मास्क लाइट और वाटर कूलर, सामुदायिक शौचालय में बिजली फिटिंग सामुदायिक शौचालय की हालत जर्जर होने के बावजूद रख-रखाव का पैसा निकालने ग्राम पंचायत में नाली व इंटरलॉकिंग कार्यों के फर्जी बिल लगाकर पैसे निकालने नाला सफाई, तालाब सफाई एवं ग्राम पंचायत के सचिवालय की वॉल पेंटिंग के फर्जी बिल लगाकर भारी भरकम धनराशि निकालने के आरोप लगाए थे।

शिकायतकर्ता ने 9 बिंदुओं का शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की थी। इस मामले में जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी अशोक कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। नामित जांच अधिकारी टीम के साथ सोमवार को गांव में पहुंचे और शिकायती बिन्दुओं पर जांच की। इस मौके पर अधिकारियों सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने श्रीराम कॉलेज को हराया

फोटो बुलेटिन — ट्राफी के साथ कॉलेज में विजेता टीम के खिलाड़ी।

### विश्वविद्यालय की प्रथम अन्तरमहाविद्यालय वॉलीबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता में लहराया परचम

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा 10 व 11 दिसम्बर 2022 को प्रथम अन्तरमहाविद्यालय (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय कन्या महाविद्यालय बेहट (सहारनपुर) में किया गया था, जिसमें विभिन्न जिलों व महाविद्यालय की लगभग 10 टीमों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स की वॉलीबॉल टीम ने भी प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के लिए यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय की वॉलीबॉल टीम ने इस प्रतियोगिता में महाविद्यालयों की टीमों को पछाड़कर विजय पताका फहरायी।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष स्पोर्टस ऑफिसर अंकित धामा ने बताया कि इस जीत का श्रेय टीम के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत, खेल भावना व महाविद्यालय प्रबन्ध समिति को जाता है। यह इसलिए भी प्रसन्नता का विषय कि पिछले एक दशक से लगातार जीत पर काबिज एक ही महाविद्यालय की टीम के वर्चस्व को तोड़ते हुए यह जीत हासिल की है। सभी टीमों द्वारा अपने-अपने ग्रुप के लीग मैचों को जीतने के बाद अंत में एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स व श्रीराम कॉलेज की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स की टीम ने 25-13 व 20-20 से श्रीराम कॉलेज की टीम को पछाड़कर जीत दर्ज की। महाविद्यालय की विजयी टीम के सदस्य रमन राना (कप्तान), निशांत, रोहित, हर्षित बालियान, आयुष, सागर, अनमोल, अक्षय, गगन तोमर, शुभम, मनप्रीत व प्रशान्त रहे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की टीम में से 6 छात्रों का चयन विश्वविद्यालय टीम के लिए भी किया गया, जिनमें रमन राना, निशांत, हर्षित, आयुष, सागर, अनमोल शामिल रहे। इनके साथ खिलाड़ी अक्षय को रिजर्व रखा गया है।

प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने विजयी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए इस उपलब्धि पर बधाई दी व उनको उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के सतत प्रयासों एवं छात्रों के कठिन परिश्रम के कारण ही छात्रों का चयन विश्वविद्यालय की टीम में हुआ है। विजयी छात्रों के सम्मान समारोह में डा. रवि अग्रवाल, डा. नवनीत वर्मा, डा. जगमोहन सिंह, डा. सौरभ जैन, डा. मोनिका रूहेला, डा. अतुल वर्मा, डा. महेन्द्र, डा. रविन्द्र, अमित कुमार, नीतू गुप्ता, सोहन लाल, अमन वर्मा, डा. सुरेश चन्द शुक्ला, प्राची, नुपुर, एकता मित्तल, सपना, नीरज कुमार, मोनिका, पूजा मलिक, अपर्णा, शिवांगी, कमर रजा, कृष्ण कुमार, संकेत जैन, शुभम, आशीष पाल, दीपक गुप्ता आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

**छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के साथ नवाचार की शिक्षा पर जोर**

# जीडी गोयनका में अटल टिंकरिंगलैब प्रशिक्षण शिविर

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में अटल टिंकरिंगलैब के माध्यम से ट्राई-फाईबॉक्स संस्थान के प्रमुख प्रशिक्षक सचिन व अन्य सहयोगियों के द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

इसमें छात्रों को विभिन्न तकनीकियों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। कक्षा-5 में सोलर एवं लूनरएक्लिप्स, कक्षा-6 में इंसुलेटर कंडक्टर, कक्षा-7 में ह्यूमनहार्ट, कक्षा-8 में वर्क एनर्जी तथा कक्षा-9 में सोलर-वाटर एनर्जी का प्रशिक्षण दिया गया एवं छात्रों को उसका अभ्यास भी कराया गया। इस शिविर में जितने भी विद्यार्थियों ने भाग लिया उन सभी को एक मॉडल भी दिया गया। अटल टिंकरिंगलैब के शिक्षक ने छात्रों को बताया कि इस शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कौशल शिक्षा के साथ-साथ नवाचार, रचनात्मक और वैज्ञानिक शिक्षा में निपुण बनाना है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुरेखा सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल टिंकरिंगलैब का इक्कीसवीं शताब्दी की तकनीक के विकास में बड़ा ही महत्व है। यह लैब छात्र एवं छात्राओं में सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और साथ ही साथ छात्रों में तकनीकी ज्ञान को विकसित करती है।

फोटो बुलेटिन — जीडी गोयनका स्कूल में ट्रेनर से वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र एवं छात्राएं।

## रेहडे की चेन में चादर फंसने से किशोर की मौत

**कैराना, 12 दिसंबर (बु.)।** सुबह के समय सब्जी मंडी से बाइक रेहडे पर सब्जी लेने जा रहे 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव को कब्रिस्तान में सपुर्द ए खाक कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बे के मौहल्ला इकबालपुरा निवासी 16 वर्षीय रिहान बाइक रेहडे पर सब्जी की फेरी लगाकर सब्जी बेचने को काम करता था। सोमवार सुबह करीब 8 बजे रिहान अपने भाई के साथ रेहडे पर सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने जा रहा था। इस दौरान रिहान की चादर बाइक रेहडे की चेन में फस गयी। बाइक की चेन में चादर लिपटने से रिहान के गले में चादर का फंदा फस गया और वो सडक पर गिर गया। बाद में आसपास के लोग उसे सीएचसी ले गये जहा डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत पर परिजनो में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर ही शव को कब्रिस्तान में सपुर्द-ए खाक कर दिया।

# एसडी कॉलेज ऑफ लॉ का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**बीए एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा में कॉलेज की छात्राओं का रहा दबदबा**

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित बी.ए-एल एल बी 5 वर्षीय पाठ्यक्रम संस्थागत सेमेस्टर परीक्षा में एसडी कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से साक्षात्कार कराया। इसी क्रम में द्वितीय सेमेस्टर में निष्ठा सिंह ने प्रथम स्थान, तनु तायल ने द्वितीय स्थान तथा इकरा जैदी और सिमरन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी छात्र-छात्राओं ने अपने परीक्षा परिणाम के लिए अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी वे इस प्रकार का प्रदर्शन करेंगे, ऐसा विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि परीक्षा में भाग लेकर स्वयं को आगे रखने की प्रेरणा प्रत्येक छात्र-छात्रा में होनी चाहिए। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का विषय है कि कॉलेज के प्रत्येक छात्र-छात्रा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। संपूर्ण जनपद में एसडी कॉलेज ऑफ लॉ का नाम ऊँचा किया है। छात्रों द्वारा किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का श्रेय योग्य शिक्षकों को भी दिया जाता है, जिनके मार्गदर्शन के बिना यह सब संभव नही था।

डॉ. मुकुल गुप्ता, अमित कुमार, प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, छवि जैन, अनीता सिंह, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, उमेश त्रिपाठी, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।

# एम. कॉम द्वितीय सेमेस्टर में वैशाली प्रथम, राज को दूसरा और रितिका को तीसरा स्थान

### श्रीराम कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित

वैशाली | राज दहिया | रितिका

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के परास्नातक पाठ्यक्रम एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल में भी एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा वैशाली ने 73.67 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, राज दहिया ने 71.33 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान तथा रितिका बालियान ने 70 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पाया।

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में एमकॉम के द्वितीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उच्च श्रेणी प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों माता-पिता कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किए गए शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को अपनी सफलता का श्रेय दिया। इस अवसर श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सौरभ मित्तल ने बताया कि इस पाठयक्रम का लाभ विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी में तो सहायक है ही साथ ही सिविल सेवा की तैयारी को भी यह पाठयक्रम आसान बनाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में वाणिज्य के क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर हैं। विद्यार्थी प्राइवेट नौकरी में बड़ी-बड़ी कम्पनियों में अपने भविष्य को नई उड़ान दे सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता पर बोलते हुए कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी विभाग की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विभाग और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एवं जन संचार का क्षेत्र गंभीर क्षेत्र है। डीन मैनेजमेंट डा. सौरभ मित्तल, विभाग के प्रवक्ता डा. एमएस खान, पूजा रघुवंशी, मुकेश चौहान, गरिमा सिंह, जेबा ताहिर, अभिषेक कुमार, पूनम शर्मा, सोफिया राणा, नैना बंसल, श्वेता गर्ग, अनिका सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शेखुपुरा में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**कैराना 12 दिसंबर (बु.)।** शेखुपुरा में शीतकालीन भ्रमण के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों की समस्याऐं सुनी। बाद में स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। एसडीएम शिव प्रकाश यादव, आपूर्ति निरीक्षक दीपा वर्मा, राजस्व कानूनगो नरेश मलिकए लेखपाल अनुराग चौधरी ने गांव शेखुपुरा के प्राथमिक विद्यालय में चैपाल लगा कर ग्रामीणो की समस्याऐं सुनी।

सबसे पहले ग्राम प्रधान प्रियंका देवी व ग्राम सचिव ने गांव में 2022 में हुए विकास कार्यो को पढ कर सुनाया। निराश्रित महिलाए दिव्यांग व वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन लिए गये। ग्रामीणो को जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए जानकारी दी गई। ग्रामीण राजबीर सिंह ात्रा खतौनी में पिता के नाम का संसोधन कराने के लिए धारा 382 के तहत आवेदन किया गया। मृतक सुरेश पाल के पुत्र तारा विरासत दर्ज कराने को आवेदन किया गया, जिसमें मौके पर ही लेखपाल से रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कराया। 16 ग्रामीणो ने राशन से संबधित शिकायतें भी की। वही ग्राम प्रधान प्रियंका देवी ने शौचालय, खाद के गड्ढों की पैमाइश के लिए आवेदन किया।

# जानसठ ब्लॉक में कृषि रबी मेले का आयोजन, किसानों को दी जानकारी

### संतुलित उर्वरक का ही प्रयोग करने पर जोर

**जानसठ, 12 दिसम्बर (बु.)।** विकासखंड परिसर में विकासखंड स्तरीय रबी मेले का आयोजन किया गया। मेले में कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर हसनैन ने कृषकों को गेहूं की फसल बुवाई में संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने, खरपतवार नियंत्रण एवं सिंचाई प्रबंधन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कृषक मेले में सेवानिवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ रामकिशोर ने कृषकों को जैविक खेती के बारे में जानकारी देते हुए कीट व रोग नियंत्रण हेतु जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र आदि को तैयार करने एवं प्रयोग करने के संदर्भ मे विस्तार पूर्वक बताया। सेवानिवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ भारत वीर ने उपस्थित कृषकों को सरसों की फसल से अधिक पैदावार लेने हेतु उर्वरक प्रबंधन रोग व कीट की रोकथाम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी जानसठ डॉक्टर देवेंद्र पाल सिंह ने कृषकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों और उनके उपचार के बारे में बताया। खंड विकास अधिकारी डॉक्टर संत प्रकाश ने कृषकों को ब्लॉक की किसानों से संबंधित मुख्य योजनाओं की जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ जानसठ मनोज कुमार ने कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में आ रही समस्याओं एवं समाधान के बारे में बताया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख चौधरी नरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी किसानों को गोष्ठियों, कृषक मेले में मिलने वाली जानकारी को ध्यान से सुनने और उन पर अमल करने की सलाह दी। मेले में राजीव कुमार, सुधीर कुमार, शिवपाल, रामकुमार, शैलेंद्र, राकेश, चंद्र सेन आदि अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में आशीष काकरान, मूलचंद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, गौतम, अली मोहम्मद, अंकित, रविंद्र, प्रीति, पिंकी, सोनिया आदि कृषक मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहे:- रसकट ढैया-930-965, चाकू 1090-1237, लड्डू 1130-1250, खुरपापाड़ 1070-1130, शक्कर मसाला 1250-1270। आमद-10,000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर, (बु.)।**
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-
सोना- 53,500 चांदी-64,500
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,000

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022**

मेष- ग्रहस्थिति विपरीत, पारिवारिक समस्याओं के चलते निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, वाद-विवाद से तनाव, व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय।
वृषभ- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, धन संचय।
मिथुन- नवकार्यों की ओर रुझान, वाक्पटुता से संकल्पसिद्धि, निराशा का समापन, व्यक्तित्व का विकास, मनोरंजन में रुचि, यात्रा का कार्यक्रम।
कर्क- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, धर्म-अध्यात्म में आस्था, घरेलू समस्या का निवारण संभव, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आपसी सौहार्द।
सिंह- ग्रहस्थिति प्रतिकूल, कार्यों के प्रति उदासीनता, गुप्त चिंताओं से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, आर्थिक लेन-देन में जोखिम, बात-बात पर क्रोध की आशंका।
कन्या- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु प्रय

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# सुखविंद्र सिंह और भूपेंद्र पटेल

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के 15 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली और भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री की शपथ ली। दोनों का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रहा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू की माता संसार देई, कांग्रेस सह प्रभारी संजय दत्त, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मंच पर रहे, प्रतिभा सिंह को राहुल गांधी ने मंच पर गले लगाया। छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वीरभद्र सिंह को राहुल गांधी और बहन प्रियंका गांधी ने पुष्प अर्पित किए। भूपेंद्र पटेल के शपथ समारोह में मोदी की उपस्थिति रही, उससे पहले रात में उनका रोड शो भी शानदार रहा। सुक्खु और भूपेंद्र दोनों ही सादा मिजाज के नेता माने जाते हैं। सुक्खु के सामने जनता का दिल जीतने का काम तो रहेगा ही, लेकिन विधायकों को एकजुट रखना भी एक चुनौती होगी, जबकि भूपेंद्र को केवल जनता ही का दिल जीतना है बाकी काम संगठन संभाल लेगा, संगठन को अन्य राज्यों में भी चुनाव का सामना करना है, संगठन में हिमाचल हार पर मंथन चल रहा है। हिमाचल प्रदेश के नादौन विधानसभा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू चौथी बार विधायक बने। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर ज़िले के नादौन तहसील के सेरा गाँव से ताल्लुक रखने वाले सुखविंदर सिंह सुक्खू का जन्म 26 मार्च 1964 को हुआ था। साधारण परिवार में जन्मे सुखविंदर सिंह सुक्खू के पिता रसील सिंह हिमाचल पथ परिवहन निगम शिमला में ड्राइवर थे। इससे पहले हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्री रहे डॉक्टर यशवंत सिंह परमार, ठाकुर रामलाल और वीरभद्र सिंह। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने छात्र राजनीति ही से अपनी पकड़ इतनी मजबूत कर ली थी कि 1998 से 2008 तक लगातार दस साल, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। अपने राजनीतिक करियर के दौरान ही वो दो बार शिमला नगर निगम के पार्षद भी बने। लेकिन इनका लक्ष्य बड़ा था, लिहाजा 2003 में उन्होंने अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और वह पहली बार हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पहुँचे। इसके बाद 2007, 2017 और अब 2022 में नादौन विधानसभा क्षेत्र से चौथी बार विधायक चुने गए। इस बीच 2008 में वो प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बने। साल 2012 विधानसभा चुनाव में उनको पहली हार मिली, लेकिन वह इससे टूटे नहीं। उन्होंने आठ जनवरी 2013 को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद संभाला। इस दौरान वह अपनी सरकार और कांग्रेस के छह बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से अलग-अलग मुद्दों पर सीधे कई बार टक्कर लेते रहे। वह करीब छह साल तक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। इस दौरान वो संगठन को मजबूत करते रहे, लेकिन 2017-18 के चुनावों में कांग्रेस को मिली हार के बाद 10 जनवरी 2019 को अध्यक्ष पद से हट गए। गुजरात में भूपेंद्र पटेल के शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमन्त्री भी मौजूद थे। 200 संत भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हिस्सा बने। भूपेंद्र पटेल की शपथ के बाद प्रधानमंत्री ने मंच पर झुककर लोगों को प्रणाम किया। मंत्रिमंडल से मुलाकात कर उनके साथ फोटो खिंचाया। गुजरात के 18 वें मुख्यमंत्री बनने वाले पटेल पाटीदार समुदाय से इकलौते नेता हैं, जो लगातार दूसरी बार मुख्यमन्त्री बने। उन्हें 15 महीने पहले विजय रुपाणी की जगह गुजरात की जिम्मेदारी दी गई थी। गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ 14 महीने पहले सूबे की सरकार में महाबदलाव का साहसिक फैसला फिर चर्चा में है। पार्टी ने सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के साथ सभी 22 मंत्रियों को भी हटा दिया था। देश में किसी भी पार्टी ने चुनाव से एक साल पहले अपनी सरकार की ऐसी सफाई कभी नहीं की थी। 27 साल से सत्ता में काबिज भाजपा ने एंटी इनकम्बेंसी की काट के लिए सरकार में सभी चेहरे नए कर दिए थे। इनके साथ न तो कोई विवाद चस्पा था, न कोई चर्चित अतीत। यही नहीं, इस बार टिकट वितरण में 182 में भी 103 नए चेहरों को टिकट दिया गया। पांच मंत्रियों और कई दिग्गजों समेत 38 सिटिंग एमएलए के टिकट काट दिए गए। गुजरात के चुनाव परिणाम में आमूल-चूल बदलाव का कदम जीत के सुपर सक्सेस फॉर्मूले के रूप में स्थापित हो गया है। इससे भाजपा ने गुजरात के 60 साल के इतिहास में किसी भी पार्टी के सबसे ज्यादा सीटें जीतने का रिकॉर्ड और किसी भी राज्य में 86 प्रतिशत सीटें हासिल करने का कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया है। बात अब गुजरात से बाहर निकल रही है। बदलाव के समय गुजरात के प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा था कि इस फॉर्मूले को दूसरे राज्यों में भी लागू किया जा सकता है। अब चर्चा इसी बात पर हो रही है कि क्या यह फॉर्मूला मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कहां और किस रूप में लागू होगा। खतौली में लोग कह रहे हैं कि अगर भाजपा नेतृत्व, यहाँ उम्मीदवार बदल देता तो यहाँ भी जीत निश्चित थी। गुजरात में इस बड़े परिवर्तन के बाद जो प्रचंड जीत का सुपर सक्सेस फॉर्मूला बना है, उसे लेकर अब तीनों राज्यों में बेचैनी है। अगले साल 2023 के नवंबर-दिसंबर में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में चुनाव होने हैं, इसलिए अगले 1 से 2 महीनों में इन प्रदेशों में क्या होगा, इसकी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, क्योंकि, भाजपा जो भी करना चाहेगी। वह जनवरी 2023 तक पूरा करेगी, ताकि उसे चुनाव की तैयारी के लिए 10 से 11 महीने मिल सकें। मध्यप्रदेश में एंटी इंकम्बेंसी स्ट्रॉन्ग मानी जा रही है। अन्य राज्यों के विपरीत कांग्रेस यहां टक्कर देने की स्थिति में है। संगठन भी कमोबेश व्यवस्थित है। पिछले चुनाव में मुकाबला करीबी था। भाजपा को 41.6 प्रतिशत वोट के साथ 109 सीटें और कांग्रेस को 41.5 प्रतिशत वोट के साथ 114 सीटें मिली थीं। सरकार कांग्रेस ने बनाई। फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत 22 विधायकों की बगावत से भाजपा सत्ता में लौटी। भाजपा में कई क्षत्रों के चलते टिकट वितरण में बैलेंस का फॉर्मूला बना था, इससे पार्टी नुकसान में रही। अब चर्चा है कि क्या गुजरात की तर्ज पर यहां भी चुनाव से एक साल पहले व्यापक फेरबदल होगा, मामूली होगा या मौजूदा टीम में समीकरण बैठाकर पार्टी चुनाव में उतरेगी? भाजपा को हिमाचल हार से भी सबक मिला है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"रेलवे" "टी टी" "पर्ची" "खलबली"

रेलवे ने जैसे ही टी टी उतारे रेल में,
जो टिकट के चोर थे उन सब की बस पर्ची कटी।
जो टिकट वाले थे वो आराम से बैठे रहे,
बेटिकट जितने से सब में खलबली सी मच गयी।

# वेल्डिंग मिस्त्री को चाकू से हमला कर किया गंभीर घायल

भोपा, 12 दिसम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी सूरज ने बताया कि वह दिल्ली में वेल्डिंग मिस्त्री का काम करता है। सोमवार को वह अपनी बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए अपने गांव सीकरी आया था। सूरज का आरोप है कि बेटी के जन्मदिन का इंतजाम करने के लिए वह अपने गांव में ही टेंट की दुकान से टेंट का सामान लेने के लिए गया था। टेंट का सामान लेने के बाद वह अपने घर वापस लौट रहा था, तभी गांव के ही उसी के समाज के तीन युवकों ने दबंगता दिखाते हुए मामूली बात पर उसे गाली-गलौच करना शुरू कर दिया, जब उसने युवकों को गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसपर चाकू से हमला बोल दिया और उसे बुरी तरह घायल कर दिया। युवक का शोर-शराबा सुनकर मौके पर दौड़कर आए ग्रामीणों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक को देखकर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले की सूचना पुलिस तक पहुंची, तो भोपा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया। पीड़ित ने कार्यवाही के लिए आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। वहीं घायल के साथ पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# छापेमारी पर रोक के बाद खुले प्रतिष्ठान

पुरकाजी, 12 दिसम्बर (बु.)। सोमवार को कस्बे में जीएसटी टीम द्वारा छापेमारी की सूचना मिलते ही व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। जी.टी. रोड, मैन बाजार, लक्सर रोड सहित व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिरा दिये, बाजार बन्द होने से ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। देहात से आये ग्राहक बिना खरीदारी किये लौट गये। व्यापारी एक दूसरे से चर्चा करते नजर आये। जीएसटी पर 72 घण्टे रोक की खबर के बाद प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुल गये।

# एमजी पब्लिक के विद्यार्थियों ने लिया पिकनिक का आनन्द

## विद्यार्थियों ने खेलों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की, तो धूप और प्रकृति के विषय में जाना

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बुस.)। एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को प्राकृतिक वातावरण के नजदीक ले जाकर प्रकृति की मानव जीवन में महत्ता की जानकारी देने के उद्देश्य से पिकनिक टूर का आयोजन किया गया। इस पिकनिक पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने खेलों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की, तो धूप और प्रकृति के विषय में भी जाना और इस अवसर का भरपूर आनंद उठाया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका गर्ग ने बताया कि एकेडमिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के शैक्षिक शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल और भ्रमण भी आवश्यक है। बच्चों के समग्र विकास के लिए खेल खेल में शिक्षा आज आवश्यकता बन रही है इसी उद्देश्य से बच्चों को आज पिकनिक टूर पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कक्षा नर्सरी एलकेजी यूकेजी एवं कक्षा प्रथम के छात्र छात्राओं को आज शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पिकनिक टूर कराया गया। विद्यार्थियों के लिए आज स्कूल द्वारा एक पिकनिक का आयोजन गुमा रिसोर्ट पर किया गया। छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रकृति की आकर्षक सुंदरता और उपहारों की खोज की, जिससे उन्हें अपने चारों ओर विभिन्न प्रकार के पौधों का निरीक्षण करने में मदद मिली।

पिकनिक का ये दिन अच्छी तरह से आनंद लेने, गायन करने में व्यतीत हुआ। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए बच्चों को हरे-भरे लॉन में झूलों, सी-सॉ पर एक-दूसरे के साथ जमकर आनन्द लेते हुए देखा गया। विद्यार्थियों के लिए रिसॉर्ट की यह पिकनिक एक यादगार यात्रा रही। पिकनिक पर बच्चों के शारीरिक विकास के लिए उनको खेल से जोड़ने का काम भी किया गया। यहां बच्चों ने फुटबॉल और म्यूजिकल चेयर सहित कई अन्य खेल गतिविधियों में प्रतिभाग किया। इस पिकनिक के सहारे छात्र एवं छात्रों को शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने पर्यावरण की देखभाल करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चों के लिए शिक्षकों के साथ अपने बंधन को मजबूत करने का एक शानदार अवसर भी ये पिकनिक रही।

# छात्रों को निःशुल्क जर्सी, स्वेटर का वितरण किया

जानसठ, 12 दिसम्बर (बु.)। डीएवी इण्टर कॉलेज में विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय के प्रधानाचार्य समुद्र सेन एवं वार्ड सभासद प्रवीण तंवर द्वारा विद्यालय के गरीब छात्रों को निःशुल्क जर्सी, स्वेटर का वितरण किया गया। सभासद प्रवीण तंवर ने अपने संबोधन में छात्रों को बताया गया छात्र ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करके समाज में अपनी पहचान बनाकर देश को गौरवान्वित करेंगे तथा छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। प्रधानाचार्य समुद्र सेन द्वारा बताया गया कि विद्यालय के लगभग 50 गरीब छात्रों को विद्यालय परिवार द्वारा जर्सी, स्वेटर दिया गया। उन्होंने बताया की ठंड शुरू हो गई है। ऐसे में विद्यालय के गरीब छात्रों को अब स्वेटर वितरण किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में सभासद प्रवीण तंवर ने छात्रों को जर्सी एवं स्वेटर का वितरण किया। छात्र जर्सी और स्वेटर पाकर खिलखिला उठे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट अध्यापक जितेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य समुद्र सेन, बृजेश कुमार, शिवकुमार, राजेश कुमार, राजेंद्र बाबू, अरविंद कुमार सैनी, महेश कुमार, सुनील राजपूत, श्रीकेशन सिंह, सचिन कुमार शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रवि गुर्जर बने आईसीएन इंडिया नैचुरल बॉडीबिल्डिंग चैंपियन

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बुस.)। गोवा में आयोजित हुई आईसीएन इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2022 में जनपद में गांव बिजोपुरा निवासी रवि सिंह गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन फिटनेस व मेन स्ट्रीट मॉडलिंग का डब्लस खिताब जीत कर जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता जीतने के बाद प्राकृतिक बॉडीबिल्डर रवि सिंह गुर्जर के गांव में खुशी का माहौल है। गांव में लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। सोमवार को रवि सिंह गुर्जर के भाई अभिषेक सिंह गुर्जर ने बताया कि आईसीएन इंडिया नैचुरल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप गोवा 2022 में रवि सिंह ने पुरुष फिजिक में अपनी कैटेगरी में फर्स्ट पोजीशन पर गोल्ड मेडल जीता है। अभिषेक ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने नैचुरल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भी कई गोल्ड व अन्य पदक अपने नाम किया है। अभी रवि सिंह अपनी परिवार के साथ देहरादून में रह कर बॉडी बिल्डिंग कर रहें है। इस दौरान चौधरी रजत गुर्जर, दीपक गुर्जर, गौरव कुमार, सहाब सिंह, प्रमोद, अनुज, अरूण फौजी व राहुल कुमार आदि उपस्थित रहें।

राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम

शोक संदेश

23-01-1959 04-12-2022

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिता
श्री तिलकराम जी का आकस्मिक निधन
दिनांक 04 दिसम्बर 2022, दिन रविवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
शोक सभा दिनांक 14 दिसम्बर 2022, दिन बुधवार
स्थान : आशीर्वाद बैंकट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर पर होगी।

ब्रह्मभोज .... 12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी .... 2:00 बजे दोपहर

—शोकाकुल परिवार—
सुन्दरलाल-सीमा रानी, रोशन लाल-बबीता रानी (भाई-भाभी)
देवांश, ऋषभ, अनुज (भतीजे), आकांक्षा, रिचा (भतीजी)
अभिषेक कुमार-शिल्पा (पुत्र-पुत्रवधु)
स्वाति रानी-अभिषेक कुमार (पुत्री-दामाद)
अर्णव, अंशिका (पौत्र, पौत्री), मायरा, कबीर (धेवती, धेवता)

निवास : 186/14सी, गली नं. 4, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
मोबाइल : 9837095081, 9917325309

राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम

# पानी की टंकी को लेकर उपजिलाधिकारी से मिले ग्रामीण

भोपा, 12 दिसम्बर (बु.)। ग्राम पंचायत की भूमि पर बनाई जा रही पानी की टंकी को लेकर ग्रामीणों ने प्रधान की शिकायत उपजिलाधिकारी जानसठ से की है। सोमवार को ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से उपजिलाधिकारी को अवगत कराया। थाना भोपा क्षेत्र के ग्राम भेड़ाहेड़ी निवासी ग्रामीण धर्मपाल, सुशील, संजू, बलजोर, नरेश, प्रदीप, किरण, नीतम, सोहनवीर, सत्तो देवी, अजीत सिंह, सुमित, रीता देवी, राजकुमार, गुलवीर सिंह, सुनीता, अशोक कुमार, कोमल, सीताराम, सरिता, विक्रमसिंह, शंकर, सहदेव, सिकन्दर, कृष्णपाल, पूर्णिमा आदि ने उपजिलाधिकारी जानसठ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में जलनिगम की तरफ से शीतल पेयजल की व्यवस्था के लिए एक टंकी उपलब्ध कराई गई है, जिसके लिए पूर्व प्रधान ने एक पंचायती स्थान ग्रामवासियों की सहमति से निर्धारित किया था, लेकिन यह योजना अब क्रियान्वित होनी है, लेकिन वर्तमान ग्राम प्रधान उस स्थान को परिवर्तित करके ऐसे स्थान को चिह्नित कर रहा है, जोकि गांव के कुछ गरीब लोगों के उपले व अन्य ईंधन सुखाने का सुरक्षित स्थान है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से पानी की टंकी को पूर्व के स्थान पर ही बनवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी जानसठ ने शीघ्र समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

# बीपीएड के घोषित परिणामों में सनातन धर्म महाविद्यालय के विद्यार्थियों का रहा दबदबा

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा बीपीएड के घोषित सत्र 2021-2022 के वार्षिक परीक्षाफल में एसडी पीजी कॉलेज के 4 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सत्र में महाविद्यालय के छात्र मानव त्यागी पुत्र बृजमोहन त्यागी ने विश्वविद्यालय की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर दीपांशु आर्य पुत्र राजीव आर्य, चतुर्थ स्थान पर कुमारी निकिता पुत्री ऋषि राज एवं पंचम स्थान पर सम्राट सिंह पुत्र राजीव कुमार सिंह रहे। इन विद्यार्थियों ने बीपीएड कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में महाविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा 15 दिसंबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलपति द्वारा भी पुरस्कृत किया जाएगा, महाविद्यालय के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार पुंडीर एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. एसएन सिंह तथा विभाग के सभी शिक्षकों जिसमें डॉ. नागेंद्र, अंशुल शर्मा, संदीप कुमार, नितिन कुमार, चंद्रमणि, करमजीत कौर के द्वारा छात्रों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाबाशी दी गई। छात्रों ने इस उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय की शिक्षणेत्तर नीतियां, प्राचार्य व समस्त शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. एसएन सिंह ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को छात्र वें शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम बताया तथा यह कहा कि सफलता को पाने के साथ-साथ भविष्य में भी निरंतर सफल होना भी एक चुनौती है उन्होंने छात्रों को आगे भी इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार पुंडीर ने छात्रों को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार से नित नई ऊंचाइयों को पाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए तथा अन्य छात्र-छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए महाविद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावकों तथा अपने राष्ट्र का नाम भी रोशन करना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत और लगन से हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकते हैं।

# क्रूरतम बादशाह था औरंगजेब : ललित माहेश्वरी

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। औरंगजेब को सबसे दयालु शासक व मौजूदा दौर में मीडिया की भूमिका ज्यादा खराब बताये जाने पर विश्व हिन्दू परिषद् ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। परिषद के विभाग अध्यक्ष ललित महेश्वरी ने कहा कि भारतीय इतिहास में औरंगजेब क्रूरतम बादशाह था, जिसने अपने बड़े भाइयों की हत्या की हो, अपने पिता शाहजहां को कैद कर लिया हो काशी के विश्वनाथ व मथुरा के केशवराय मंदिर सहित सैकड़ों हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया हो लाखों हिन्दुओं को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया हो। हिन्दू रीति रिवाजों से त्योंहार मानाने पर प्रतिबंध लगा दिया हो जजिया जैसे कर लगा दिए हों उसे दयालु शासक बताना न केवल विकृत मानसिकता का द्योतक है वरन सोची समझी रणनीति के अंतर्गत एक षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि इस देश में वामपंथी, कटटर इस्लामिक विचारधारा और तथाकथित बुद्धिजीवी न केवल तथ्यों के साथ तोड़मरोड़ कर रहे हैं वरन इतिहास को भी अपने हिसाब से गढ़ रहे हैं। आज जब न केवल प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वरन सोशल मीडिया के युग में जब तथ्यपरक पत्रकारिता की जा रही है और इतिहास को वास्तविक संदर्भ में खोजा जा रहा है तब इस देश का एक वर्ग वास्तविकता को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। यह तथाकथित रूप से वही बुद्धिजीवी वर्ग है जो प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारता था महाभारत को मिथ बताता था जिसे भारत की सभ्यता और संस्कृति से चिढ़ है समय आगया जब ऐसे लोगो की पहचान कर समाज से अलग थलग किया जाना चाहिए। मीडिया पर आरोप लगाने वाले इन लोगों को अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिये दर्जनों उम्मीदवारों ने ताल ठोकी

पुरकाजी, 12 दिसम्बर (बु.)। नगर पंचायत पुरकाजी अध्यक्ष पद के लिये इस बार दर्जनों उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। बैठकों व मतदाताओं से सम्पर्क का अभियान शुरू हो गया है। कस्बे में इस बार करीब 23 हजार वोट हैं। कस्बे के गली चौराहों पर सिर्फ चेयरमैनी की चर्चा है। वर्तमान चेयरमैन जहीर फारूखी एडवोकेट अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्य के बूते फिर चुनाव मैदान में है उन्होने अपने प्रतिद्वंदी भारत भूषण खुल्लर को हराया था। वही तीन बार दूसरे स्थान पर रहे भारत भूषण खुल्लर फिर चैथी बार चुनाव मैदान में है। इस बार भारत भूषण खुल्लर भाजपा के सिम्बल पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके अलावा तीन पूर्व चेयरमैनों के परिवार के लोग भी चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। हालांकि भाजपा के सिम्बल के लिये भी दर्जनों लोगों ने आवेदन किया हुआ है, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हिदायत दे चुके है कि पदाधिकारी अपने पराये का मोह छोड़कर जिताऊ प्रत्याशी का चयन करें देखना है कि भाजपा सिम्बल किसे मिलता है चर्चा है कि इस बार गठबन्धन का प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में आ सकता है।

आवश्यकता है




ग्रेन चैम्बर हॉस्पिटल में एक एम्बूलेंस ड्राइवर व चौकीदार की आवश्यकता है।
वेतन : योग्यतानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी फोन करने के बजाय शाम 4 बजे हॉस्पिटल में आकर सम्पर्क करें
M. 9927003400

दुकानें बिकाऊ हैं

○ एक दुकान साईज 13×13, दो रोड की, शहर की प्राईम लोकेशन पर
○ एक दुकान हॉल साईज, दो रोड की, शहर की प्राईम लोकेशन पर
—: सम्पर्क करें :—
M. 7417492100

# चरथावल में जीएसटी टीम से परेशान तमाम छोटे-बड़े व्यापारियों की आपात बैठक हुई

चरथावल, 12 दिसंबर (बु.)। स्थानीय बर्तन व्यापारी के शोरूम पर चार दिन पूर्व जीएसटी टीम द्वारा साढ़े छः घन्टे तक की गई छापामार कार्यवाही के बाद से जहां स्थानीय सभी छोटे-बडे व्यापारी दहशत में है, वहीं व्यापार मण्डल अध्यक्ष अनुज गर्ग ने व्यापारियों की आपात बैठक में जीएसटी से न घबराने व बेफिक्र होकर अपनी दुकानें खोल कर बैठने का आग्रह करते हुए कहा कि व्यापार मंडल जीएसटी द्वारा किसी भी व्यापारी का उत्पीडन न होने देने के लिए पूरी तरह कृत संकल्प है। सोमवार को स्थानीय राजीव मार्किट में जीएसटी टीम से परेशान तमाम छोटे-बडे.व्यापारियों की आपात बैठक आहूत की गई। बैठक में जहां अनेकों व्यापारियों ने जीएसटी के अधिकारियों के धैर्य व बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक प्रतिष्ठानों पर छापे मारने की कार्यवाही पर कड़ा रोष प्रकट किया। वहीं जीएसटी टीम के अचानक प्रतिष्ठानों पर धमकाने को गैर कानूनी व गलत ठहराते हुए जीएसटी का एक जुट होकर विरोध करने की चेतावनी दी। आक्रोशित व्यापारियों के बीच पहुंचे व्यापार मंडल चरथावल अध्यक्ष अनुज गर्ग ने कहा कि किसी भी व्यापारी भाई को खामखाह घबराने या डरने की जरूरत नहीं है। चालीस लाख रु सालाना टर्न ऑवर करने वाले व्यापारी बंधुओं को ही जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराना पडेगा तथा अपने माल की खरीद बिक्री आदि के परचे अपने पास रखने होंगे तथा फिर भी अगर कोंई भी अधिकारी किसी भी प्रतिष्ठान पर अचानक छापा या किसी भी व्यापारी बंधु उत्पीड़न करता है तो उसका व्यापार मंडल चरथावल पुरजोर से विरोध करेगा। इस अवसर पर चरथावल में व्यापारियों में भाजपा सरकार व अधिकारियों के प्रति खासा गुस्सा नजर आया। संरक्षक नंदकिशोर त्यागी ने किसी भी अधिकारी के अचानक आ धमकने की सूचना तुरन्त उन्हें देने व व्यापारियों को जीएसटी द्वारा अकारण परेशान न होने देने हेतु आश्वस्त किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग (भूरा) मीडिया प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार रिंकल देव सिंघल, हसीन अहमद, मौ0 वसीम, मौ0 अनीस, अमित कुमार, कल्लू गैस वाले, तालिब, नफीस, सुरेश, हारूण, जमशेद, शाहिद, मौ. फैज, अरमान, जाहिद हुसैन, फराज आलम आदि अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

## विवाद के बाद छपार टोल प्लाजा पर दो युवकों के ऊपर ही चढ़ा दी कार

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** छपार टोल प्लाजा पर टोल की रकम को लेकर कार सवार और टोलकर्मियों के बीच हुआ विवाद एक अन्य कार में सवार दो युवकों को भारी पड़ गया। विवाद और झगड़ा करने वाले युवक पुलिस के आ जाने पर तमाशबीन युवकों पर गाड़ी चढ़ाते हुए फरार हो गये, जिससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस सम्बन्ध में घायल युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अमरोहा के नारायणपुर निवासी सुभाष कुमार पुत्र नत्थू सिंह ने बताया कि 25 नवम्बर 2022 को वह अपने साथी सिखेड़ा निवासी अमित कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह के साथ किसी कार्य से बरला जा रहा था। जब वह दोनों छपार स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचे, तो वहां सफेद मर्सिडीज कार में सवार तीन युवकों का टोलकर्मियों के साथ टोल के पैसों को लेकर झगड़ा हो रहा था। टोलकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पीआरबी वैन वहां पहुंच गई। पुलिस को आता देख तीनों युवक अपनी गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ाते हुए वहां से भागने लगे। कार चालक ने उसके साथ अमित कुमार के पैरों पर कार चढ़ा दी और पीड़ित को सीधी टक्कर मारकर उसके ऊपर से कार उतारकर फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के बाद पीड़ित आज रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये छपार थाने पहुंचा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

# निकाय चुनाव के लिए मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** आगामी निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निकाय चुनाव को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ थाना क्षेत्र कोतवाली एवं सिविल लाईन अन्तर्गत स्थित किदवई नगर, सरवट रोड, मल्हुपुरा, खालापार आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया । इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली नगर, थाना प्रभारी सिविल लाईन सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर शान्तिपूर्ण मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, पानी की उचित व्यवस्था, चिन्हित स्थानों पर बैरीकैडिंग करने, मतदान केन्द्रों के आसपास असामाजिक तत्वों पर निगरानी, चुनाव के दौरान पूर्ण मनोयोग व पूरी गम्भीरता, निष्पक्षता और तटस्थता से ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्बन्धित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित मतदान कराने हेतु चुनाव आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन का शत-प्रतिशत पालन करने के लिए निर्देशित किया । साथ ही बताया कि यदि किसी प्रत्याशी द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाये ।

## सदन में जाति और धर्म का जिक्र किया तो होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में किसी की जाति और धर्म का उल्लेख करने के खिलाफ सदस्यों को चेतावनी दी। सोमवार कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब कांग्रेस के एक सांसद ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर आरोप लगा दिया कि उन्होंने अपने भाषण में जाति से संबंधित टिप्पणी की है। कांग्रेस सदस्य एआर रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की एक टिप्पणी को लेकर जाति के संदर्भ में कुछ कहा था। निर्मला सीतारमण ने कहा था कि, "सदस्य तेलंगाना से आते हैं। कह रहे हैं कि उनकी हिंदी कमजोर है। मैं कमजोर हिंदी में ही जवाब देती हूं।" इसके बाद रेड्डी ने कहा कि, "मंत्री ने मेरी हिंदी को लेकर टिप्पणी की है। मैं....।"

# पुलिस बदमाशों के बीच फायरिंग में सिपाही व दो बदमाश घायल

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** छपार क्षेत्र में कासमपुर रोड पर देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से जबरदस्त फायरिंग हुई, जिसमें एक सिपाही व दो बदमाश घायल हो गये। पुलिस ने मौके से सात बदमाशों को शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से एक बुलेरो कार व चोरी किया गया ट्रैक्टर का इंजन बरामद हुआ है। पकड़े गये बदमाश बुढ्ढाखेड़ा स्थित यूनियन बैंक में चोरी करने जा रहे थे।

पुलिस लाईन के सभागार में एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक रणवीर सिंह, विनित कुमार, संजय तोमर, कांस्टेबिल शिवम, अजय कुमार, राहुल व विनय कुमार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये क्षेत्र में गश्त पर थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बढेड़ी कट पर एक बुलेरो खड़ी देखी, जिस पर कुछ संदिग्ध युवक सवार थे। पुलिस के देखते हुए बुलेरो सवार पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए कासमपुर की ओर भाग निकले। सिमर्थी व छपरा चौराहे पर बदमाशों की बुलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई, जिस पर बदमाश बुलेरो से उतरकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। बदमाशों की फायरिंग में कांस्टेबिल राहुल घायल हो गया, जबकि पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गये। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों घायल बदमाशों सहित सभी 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तमंचे व कारतूस के अलावा बुलेरो व बुलेरो में लदा एक इंजन बरामद हुआ। एसपी सिटी ने बताया कि घायल बदमाश नईम पुत्र रियाल, निवासी फिरोजाबाद, थाना ककरौली, जनपद मुजफ्फरनगर व मेहरबान पुत्र वहीद निवासी मंगलौर, जनपद हरिद्वार हैं। अन्य पकड़े गये बदमाश सादिक पुत्र कल्लू, निवासी गुलाबनगर रुड़की, जैकी पुत्र ऋषिपाल निवासी होशियारपुर, नवाब पुत्र हनीफ, निवासी जलालपुर, रऊद पुत्र तालिब निवासी चिलकाना सहारनपुर व रवि पुत्र ईश्वर निवासी अकबरगढ़ चरथावल हैं। मुठभेड की सूचना पर फोरेंसिंक टीम के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये थे। घायल सिपाही व बदमाशों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह चिलकाना के गांव बुड्ढा खेड़ा स्थित यूनियर बैंक में चोरी करने के लिये जा रहे थे, लेकिन उनके साथी ने चोरी की योजना एक दिन के लिये टाल दी थी, जिसके चलते वह कोई अन्य वारदात करने के लिये वहां सलाह कर रहे थे। पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि बुलेरो में लदा हुआ आयशर ट्रैक्टर का इंजन उन्होंने चोरी किया था। पकडे गये बदमाशों ने बताया कि उन्होंने 11 दिसम्बर की रात कासमपुर से एक भैंस, कटिया व कटरा चोरी किया था, जिसे उन्होंने मंगलौर के गांव कुमराहेड़ी निवासी व्यक्ति को बेच दिया था। एक दिसम्बर को उन्होंने ताजपुर भट्टे से दो इंजन चोरी किये थे, 30 नवम्बर को गांव ढांसरी के जंगल से भी दो इंजन व एक नलकूप से मोटर व पंखा आदि चोरी किया था। 5-6 दिसम्बर की रात कम्हेड़ा कॉलेज से बैंटरा, इंन्वर्टर व अन्य सामान चोरी किया था। 13 नवम्बर को दाहखेड़ी से ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर रिम सहित चोरी किये थे। इंजन व लोहे का सामान उन्होंने लिब्बरहेडी निवासी रेशब पुत्र शमशाद को बेचा था। टायर रिम मदीना कॉलोनी निवासी कय्यूम को बेचे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को जेल भेज दिया है और चोरी का माल खरीदने वाले लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# गठबंधन से सिंबल पर चुनाव लड़ेगा रालोद

- रालोद की पार्टी कार्यालय पर संपन्न बैठक में भावी रणनीति पर मंथन
- नगर निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा
- आगामी 18 दिसंबर को होने वाले भाईचारा सम्मेलन की तैयारियां शुरू

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)।** आगामी निकाय चुनाव कि शुरू सरगर्मी के बीच राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

सोमवार को इसी कड़ी में सर्कुलर रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर एक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में आगामी नगर पालिका और नगर पंचायत चुनाव के साथ 18 दिसंबर में खतौली विधानसभा में होने वाले भाईचारा सम्मेलन के मद्देनजर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप मलिक और संचालन सत्यवीर वर्मा ने किया। राष्ट्रीय लोकदल की संपन्न बैठक में पार्टी जिला अध्यक्ष संदीप मलिक ने बताया कि आगामी नगर पंचायत/पालिका चुनाव गठबंधन में लड़े जाएंगे जिसके लिए एक समन्वय समिति बनाई गई है। बैठक के दौरान ही भावी उम्मीदवारों ने भारी मात्रा में अपने आवेदन जिलाध्यक्ष को सोंपे और पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की। बैठक में सभी वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि आगामी चुनाव पार्टी के सिंबल पर लड़े जाने चाहिए और जो भी उम्मीदवार मजबूत हो बिना किसी भेदभाव के उस से ही चुनाव लड़ाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने बताया कि आगामी 18 दिसंबर को खतौली विधानसभा में होने वाले भाईचारा सम्मेलन को मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल जयंत चौधरी और राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी चंद्रशेखर आजाद संबोधित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव ब्रहम सिंह बालियान, पूर्व मंत्री धर्मवीर सिंह बालियान, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत राठी, राष्ट्रीय सह संयोजक टीम सुधीर भारतीय, संजय राठी, कमल गौतम, सतीश प्रधान, सोमपाल प्रधान, एडवोकेट ओमकार तोमर, पूर्व जिला बार संघ अध्यक्ष राजेश्वर त्यागी, महानगर अध्यक्ष राजू आढ़ती, छात्र सभा अध्यक्ष सार्थक लटियान जिला संयोजक विकास कादियान आदि मौजूद रहे।

## सपा कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव को प्रत्याशियों के आवेदनों का क्रम जारी

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। सोमवार को दूसरे दिन भी महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्यक्ष द्वारा आवेदनों का क्रम जारी रहा। इस क्रम में सोमवार को जनपद की दोनों नगर पालिका परिषदों के अलावा जिले की न्यूज नगर पंचायतों के लिए अध्यक्ष एवं सभासदों के बड़ी संख्या में आवेदन दिए जाने का कर्मचारी रहा। सोमवार को जिले की सभी नगर पंचायतों व मुजफ्फरनगर और खतौली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद एवं सभासद पद पर सपा प्रत्याशी बनाये जाने के लिए आवेदन करने हेतु कार्यकर्ताओ का जमावड़ा दूसरे दिन भी लगा रहा।

सपा कार्यालय पर सपा हाईकमान के निर्देश पर निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट द्वारा घोषित कार्यसमिति सदस्य सपा नेता साजिद हसन, असद पाशा, शलभ गुप्ता एडवोकेट प्रोफेसर रोहन त्यागी, डॉ. नूरहसन सलमानी व अन्य सपा पदाधिकारियों ने दूसरे दिन भी सपा कार्यालय पर मौजूद रहकर सपा से प्रत्याशी के इच्छुक कार्यकर्ताओ से आवेदन प्राप्त किये। सोमवार को अभियान की इस कड़ी में आवेदन के दूसरे दिन भी विभिन्न नगर पंचायत व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर अनेक व सभासदों के लिए भी दर्जन भर कार्यकर्ताओ व पार्टी नेताओं ने आवेदन किये। इस दौरान कार्यसमिति नेताओं के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, सपा नेता शमशेर मलिक, फिरोज अंसारी, सलमान त्यागी, अजय कुमार चौधरी, दीपक गम्भीर, डॉ आबिद, वसीम राणा, डॉ. जीशान, दिलशाद अंसारी सहित अनेक सपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजपाल यादव की शूटिंग में हंगामा

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की फिल्म की शूटिंग के दौरान सोमवार को हंगामा हो गया। प्रतियोगी छात्र बालाजी ने स्कूटर से टक्कर लगने पर मारपीट का आरोप लगाया। उधर प्रोडक्शन मैनेजर ने भी शूटिंग में व्यवधान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है। अल्लापुर निवासी शशांक श्रीवास्तव एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें राजपाल यादव अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए अभिनेता व अन्य क्रू मेंबर सोमवार दोपहर एक बजे के करीब बैंक रोड चौराहे पर पहुंचे। जिस सीन को शूट किया जाना था, उसमें अभिनेता को एक स्कूटर चलाना था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चलाने के दौरान ही क्लच वायर टूट गया, जिससे स्कूटर अनियंत्रित हो कर पास ही खड़े एक ई रिक्शे से जा टकराया। इससे बगल में खड़े प्रतियोगी छात्र बालाजी को भी चोट आई। इसी बात को लेकर हंगामा हो गया। बालाजी का आरोप है कि स्कूटर टकराने पर राजपाल यादव ने गाली गलौच की और उनके बाउंसरों ने उसे पीट दिया।

## शेष : जीएसटी के हव्वे...

दिए जिन्होंने पहले शटर उठा दिए थे। इसके बाद बड़ी संख्या में दुकानदार रुड़की रोड पर एकत्र हो गए और वहां जमकर हंगामा व नारेबाजी करते हुए जीएसटी के छापे तत्काल रोके जाने की मांग की। हालांकि आज किसी प्रकार के छापे शहर समेत कहीं नहीं हुए। ऐसे में लगा कि कुछ लोगों ने केवल नेतागिरी चमकाने के लिए आज हंगामा व बाजार बंद कराया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि व्यापारी अपनी दुकानों की चाबियां सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपने जा रहे हैं। आज प्रदर्शन करने वालों में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह,संयुक्त महामंत्री पवन वर्मा, नगर उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंघल आदि शामिल थे। उन्होंने दावा किया कि उनके संगठन के नेताओं द्वारा शासन में बड़े नेताओं से वार्ता के बाद जीएसटी छापे बंद किए गए हैं। इस बीच बाजार बंद किए जाने की सूचना के बाद संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल, संरक्षक पूर्व विधायक अशोक कंसल, महामंत्री प्रमोद मित्तल, शिशुकांत गर्ग तथा युवा संयोजक विश्वदीप गोयल बिट्टू भी व्यापारियों के बीच पहुंचे और बाजार बंद करने का कारण पूछा। इस पर किसी ने भी कोई सही जवाब नहीं दिया। इन व्यापारी नेताओं ने दुकानदारों से कहा कि वे बेखौफ अपनी दुकानें खोलें क्योंकि शासन स्तर पर वार्ता के बाद छापों की कार्रवाई रोक दी गई है। इसके बाद बाजार खुल गए।

## बालक को किया लहूलुहान

**कैराना, 12 दिसंबर (बु.)।** घर के बहार खेल रहे मासूम बालक को, गंभीर चोट मारकर घायल किया। सोमवार को कैराना के शामली रोड़ निवासी सलाहुदीन का मासूम बालक घर के बहार खेल रहा था। की तभी उसका पड़ोसी बच्चों के साथ आपस में मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग भी आमने सामने आ गए। बाद में आरोप है की पड़ोसी लोगों ने उक्त 4 वर्षीय बालक के मुंह में लकड़ी की निकुली वस्तु से चोट मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

## ब्याज की रकम न देने पर महिला का बच्चों समेत अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** एक व्यक्ति ने सूदखोर सहित सात लोगों के खिलाफ उसकी पत्नी, बेटी व बेटे का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अदालत के आदेश पर सिखेड़ा थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट में गांव निराना निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसने अपने पुत्र की बीमारी में गांव के ही एक व्यक्ति से पांच हजार रुपए ब्याज पर लिये थे। तीन माह तक पांच सौ रुपए प्रतिमाह ब्याज देने के बाद वह आरोपी के पांच हजार रुपए लेकर उसके घर गया, तो आरोपी ने दस हजार रुपए और मांगे। पीड़ित का आरोप है कि विगत् 1 सितम्बर को वह अपनी मजदूरी पर गया हुआ था,, तभी आरोपी छह अन्य लोगों के साथ उसके घर आया और उसकी पत्नी, 8 वर्षीया पुत्री और दस वर्षीय पुत्र को उठाकर ले गया। आरोपी घर से दस हजार रुपए नकद भी ले गये हैं। पीड़ित ने बताया कि घर में मौजूद उसके बड़े पुत्र को आरोपी धमकी दे गये हैं कि वह उसकी पत्नी और बेटी को वैश्यालय में बेच देंगे और उसके पुत्र से भीख मंगवायेंगे। अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## खेत पर जा रहे युवक के साथ की मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** अपने खेतों में जा रहे एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरकाजी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव चमरावाला निवासी शुभम पुत्र ओमपाल सिंह ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपने खेतों में जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही रणवीर राणा व महक सिंह ने उसे रोक लिया और गाली गलौंच करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने घायल का मैडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## नकदी और गहनों के साथ युवती गायब, अपहरण का मुकदमा

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** एक युवती घर से नकदी व गहने लेकर फरार हो गई। युवती के पिता ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरकाजी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कस्बे के मौहल्ला झोझगान निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शकरपुर भट्टे पर कार्य करता है। 11 दिसम्बर को वह अपनी पत्नी व अन्य परिवारजनों के साथ भट्टे पर कार्य करने गया था। घर पर उसकी 16 वर्षीया पुत्री व पुत्रवधू थीं। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि जब उसकी पुत्रवधू नहाने के लिये चली गई, तभी उसकी पुत्री घर से नकदी व जेवर लेकर चली गई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके युवती की तलाश में भगदौड़ शुरू कर दी है।

## वारदात करने जा रहे दो बदमाश हथियारों समेत दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** वारदात करने के लिये आये दो बदमाशों को मंसूरपुर पुलिस ने शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु रात्रि गश्त पर थी। गश्त के दौरान पुलिस ने पुरबालियान स्कूल के सामने दो संदिग्ध युवकों को खड़े देखा। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपी पुरबालियान निवासी सावन पुत्र धीर सिंह व अलमासपुर निवासी अरुण पुत्र सुभाष हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## रोहाना टोल प्लाजा पर हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** रोहाना टोल प्लाजा पर कई कारों में आये दर्जनों युवकों ने टोल मांगने पर जमकर बवाल काटा और टोलकर्मियों को बुरी तरह से पीटा। आरोपी टोल का बैरियर तोड़कर चले गये। इस सम्बन्ध में शहर कोतवाली में 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहाना टोल प्लाजा पर तैनात वाराणसी निवासी सुमित सिंह पुत्र अजय कुमार ने बताया कि रात के समय एक व्यक्ति अपने साथ कई कारों का काफिला लेकर टोल प्लाजा पर पहुंचा और स्वयं को दीदाहेड़ी का निवासी बताते हुए बगैर टोल दिये जाने की ही बात कही। जब उक्त व्यक्ति से दीदाहेड़ी की आईडी मांग गई तो उसके साथ आये 20-25 लोगों ने टोलकर्मियों पर लाठी डंडों, पत्थरों व बैल्टों से मारपीट शुरू कर दी है। आरोपियों ने रिपोर्टकर्ता का गला दबा दिया और तमंचे के बल पर धमकाते हुए बैरियर तोड़कर चले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों व कारों के नम्बरों के आधार पर आरोपियों को तलाश कर रही है।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** भोपा रोड ओपर ब्रिज के नीचे मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई और शव को परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात भोपा रोड ओवर ब्रिज के नीचे मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई, तो मृतक की पहचान 26 वर्षीय शावेज पुत्र साजिद निवासी दक्षिणी खालापार के रूप में हुई। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिये भेज दिया।

## ननद भाभी से छेड़छाड़ व मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)।** एक महिला ने पड़ौस के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर उसके व उसकी ननद के साथ मारपीट व छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अदालत के आदेश पर सिखेड़ा थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव बिहारी निवासी महिला ने बताया कि 2 नवम्बर 2022 को पड़ौस का ही एक युवक उसके घर में तांकझांक कर रहा था। शिकायत करने पर आरोपी अपने चार अन्य परिवारजनों के साथ हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े फाड़ डाले। जब उसकी ननद उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ डाले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

# उमेश मित्तल को भाजपा का टिकट दिलाने में जुटे शाहपुरवासी

- शाहपुर अग्रवाल समाज का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान से मिलने दिल्ली पहुंचा

**शाहपुर, 12 दिसंबर (बु.)।** शाहपुर कस्बे में भाजपा के सिंबल को लेकर अग्रवाल समाज द्वारा निकाय चुनाव के प्रत्याशी को चुनने के बाद अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि मंडल के लोग केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान से सिंबल की मांग करते हुए सोमवार रात्रि दिल्ली उनके आवास पर पहुंचे और केंद्रीय मंत्री सामान्य वर्ग में निकाय चुनाव की सीट घोषित होने पर सिंबल के हक की बात करने लगे और सामान्य वर्ग के जाने पहचाने वह समाजसेवी उमेश मित्तल को भाजपा के सिंबल का दावेदार मानते हुए सिंबल के हक की बात कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान द्वारा अग्रवाल समाज के प्रतिनिधिमंडल के लोगों को आश्वासन दिया कि कस्बे में भाजपा द्वारा कर्मठ जुझारू तथा जनता किसे चुना हुए प्रत्याशी को ही भाजपा का सिंबल दिलाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान वैश्य समाज के संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी ने केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान से कहा कि निकाय चुनाव में पिछड़ी जाति को कस्बे में मौका दिया गया था, लेकिन इस बार भाजपा पार्टी के निर्णय के चलते कस्बा वासियों को सामान्य वर्ग में निकाय चुनाव की सीट घोषित करने पर एक अच्छा मौका मिला है, जिसका समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त करते हैं समाज के लोगों ने कहा कि इस बार सामान्य सीट घोषित होने पर भाजपा के सिंबल का असली हकदार कस्बा वासियों की पहली पसंद सामान्य वर्ग के प्रत्याशी उमेश मित्तल को बनता है इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि वह भाजपा के साथ जुड़कर उसके निर्णय की सराहना करते हैं और भाजपा द्वारा सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को निकाय चुनाव में जीता कर नगर पंचायत अध्यक्ष पद की सीट पर विराजमान करना चाहते हैं। पिछले चुनाव में कस्बे आरक्षण सीट को पिछड़े वर्ग को देकर पिछड़े वर्ग को मौका मिला था लेकिन इस बार भारतीय जनता पार्टी के निर्णय के चलते कस्बे के सामान्य वर्ग में आने वाले सभी लोगों को निकाय चुनाव में एक बार फिर से मौका मिला है देखा जाए तो कस्बे में पिछले 10 वर्षो से धार्मिक आयोजनों के अलावा गरीब लोगों तथा गौ माताओं की सेवा करने वाले भाजपा नेता उमेश मित्तल अपने लग्न सीन प्रयत्नों के चलते सेवा में लगे हुए हैं, जिसके चलते कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के नए चेहरे उतरकर सामने आ गए हैं वही वैश्य समाज के लोगों द्वारा उनको निकाय चुनाव में जबरदस्त समर्थन दिया है। भाजपा नेता उमेश मित्तल पिछले 10 वर्षो से कस्बा वासियों के हित में कार्य करते आ रहे हैं, जिनका राजनीतिक से कोई संबंध भी नहीं रहा है, लेकिन सामान्य वर्ग के लोगों की मांग पर उमेश मित्तल को चुनाव लड़ने का मौका मिला है। इस दौरान भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी, नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, मदन जैन, ललित जैन, सचिन सिंघल, अतुल सिंघल, राजकुमार कोरी, सुनील मित्तल, राजेश गर्ग, मुकेश कुमार, विजय गोयल, उमेश गोयल, विशाल गर्ग, विजय गोयल, उमेश मित्तल, श्यामपाल भाई, सचिन सिंघल, राजेश सिंघल, उमेश गोयल, मनोज सिंघल, मदन जैन, आगम जैन, ललित जैन, उमंग जैन, सुभाष गोयल, राजकुमार, रजत बंसल, संदीप सिंघल, अतुल सिंघल (बंटी), योगेंद्र सिंघल, धनेंद्र जैन, सुनील मित्तल, अनिल बंसल, प्रवीण मित्तल (बंटी), नरेंद्र लाल गर्ग, पवन गोयल, लाल बहादुर, नितिन जैन, मुकेश गर्ग, मदन लाल जैन, सतीश बंसल, ब्रजेश गर्ग, अरविंद गोयल, बिन्नी शशांक सिंघल, विशाल गर्ग, अभिनव जैन, प्रवेश, गौरव, शुभम मित्तल, हनु मित्तल, अतुल सिंघल अमित, विपिन, राजकुमार कोरी, पंकज कुमार, उमेश सिंघल, संजीव अग्रवाल, दिनेश पाल, आदि मौजूद रहे।

## अजीत राठी को राष्ट्रीय लोकदल में मिली बड़ी जिम्मेदारी उपचुनाव में जीत का मिला इनाम

**सहारनपुर समेत 13 जनपदों में मिली जिला अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी**

**चरथावल, 12 दिसंबर (बु.)।** आगामी नगर निकाय चुनाव की शुरू प्रक्रिया के बीच राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश में सक्रियता बढ़ गई है। सोमवार को इस कड़ी में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर, जहां एक ओर रालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे अजीत राठी को प्रदेश का संगठन महामंत्री बनाया है, वहीं पूर्व विधायक दिलनवाज खान को भी हस्तिनापुर क्षेत्र में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी देते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव में मजबूती से चुनाव मैदान में उतारने का संकल्प दोहराया है। सोमवार को जारी पदाधिकारियों की सूची सहारनपुर, बागपत गाजियाबाद और आगरा समेत 13 जनपदों के जिलाध्यक्ष घोषित करते हुए संगठन की मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाए। सोमवार देर शाम राष्ट्रीय लोकदल के प